# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**



GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 30.01.2020**

**PUNJBA KESARI**

# नागरिकता संशोधन कानून की भ्रांतियों को किया दूर, तथ्यों की दी जानकारी

## नागरिकता संशोधन कानून पर व्याख्यान का आयोजन



*सीएए पर व्याख्यान देते हुए कृष्ण सिंघल।*

फरीदाबाद, 29 जनवरी (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के विवेकानंद मंच द्वारा भारतीय शिक्षा मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में 'नागरिकता संशोधन अधिनियमः भ्रांतियां एवं तथ्य' विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया। इस परिचर्चा का आयोजन विश्वविद्यालय के निदेशक, युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी की देखरेख में किया गया। व्याख्यान का आयोजन निदेशक, युवा मामले डॉ. प्रदीप डिमरी द्वारा किया गया, जिसे नागरिकता कानून से संबंधित विषय के जानकार कृष्ण सिंघल द्वारा संबोधित किया गया। इस व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों को नागरिकता संशोधन अधिनियम के बारे में जागरूक करना और इस संबंध में उनकी भ्रांतियों को दूर करना था। व्याख्यान सत्र की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने की। इस मौके पर डीन ऑफ मैनेजमेंट डॉ. अरविंद गुप्ता और मैनेजमेंट स्टडीज विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष निगम भी मौजूद थे। व्याख्यान के दौरान, सिंघल ने बताया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम से किसी भी समुदाय को कोई खतरा नहीं है और न ही यह किसी भारतीय नागरिक की नागरिकता को रद्द करने के बारे में है, बल्कि यह पडोसी देश पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में धार्मिक उत्पी ?न के शिकार होकर 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश पाने वाले हिंदू, ईसाई, सिख, बौद्ध और पारसी शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि नागरिकता कानून में बदलाव का उद्देश्य तीनों पडोसी देशों के अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को न्याय दिलाना है, जिन्हें धार्मिक आधार पर लगातार उत्पीड़न के कारण अपना घर छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी। इस संदर्भ सिंघल ने अमेरिका तथा अन्य यूरोपियन देशों के नागरिकता कानूनों का उदाहरण नागरिकता संशोधन कानून की आवश्यकता पर बल दिया। व्याख्यान में काफी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया तथा विषय पर चर्चा करते हुए अपनी शंकाओं का निवारण किया।


पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 30 January 2020
https://epaper.punjabkesari.in/c/48522114

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 30.01.2020**

**PUNJBA KESARI**

# प्रतिभागियों ने गणित पर आधारित पोस्टर व मॉडल किए प्रदर्शित



*पोस्टर व मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रो कार्मेशु।*

फरीदाबाद, 29 जनवरी (ब्यूरो) : जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद के गणित विभाग द्वारा हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला आज संपन्न हो गई। कार्यशाला में 100 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के दूसरे दिन पोस्टर तथा मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों तथा प्रतिभागियों ने गणित पर आधारित पोस्टर तथा मॉडल प्रदर्शित किये। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ कार्मेशु मुख्य अतिथि रहे तथा गणित विभाग की अध्यक्ष डॉ. नीतू गुप्ता की उपस्थिति में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा प्रदर्शनी में चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में जेसी बोस विश्वविद्यालय की ज्योति गर्ग, विशाल गुप्ता, अमन शंकर झा तथा दीपाली की टीम विजेता रही। मानव रचना विश्वविद्यालय की गीतिका ने दूसरा तथा जेसी बोस विश्वविद्यालय की शिवानी गर्ग व प्रगति ने तीसरा पुरस्कार जीता। मॉडल प्रदर्शनी में जेसी बोस विश्वविद्यालय के श्रेय अरोड़ा व प्रवीण कुमार ने पहला तथा अमन शंकर झा एवं दीपाली ने दूसरा तथा अग्रवाल कालेज की प्राची शर्मा व मानसी तोंगड़ ने तीसरा पुरस्कार जीता।

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 30 January 2020
https://epaper.punjabkesari.in/c/

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 30.01.2020**

## NAVBHARAT TIMES

### जेसी बोस के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी के गणित विभाग ने हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार व प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से गणितीय मॉडलिंग व दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। बुधवार को इसका समापन हुआ। कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के दूसरे दिन पोस्टर व मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में जेसी बोस यूनिवर्सिटी की ज्योति गर्ग, विशाल गुप्ता, अमन शंकर झा व दीपाली की टीम विजेता रही। वहीं, मॉडल प्रदर्शनी में जेसी बोस यूनिवर्सिटी के श्रेय अरोड़ा व प्रवीण कुमार ने पहला स्थान हासिल किया।



## DAINIK JAGRAN

### 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

**जासं, फरीदाबाद:** जेसी बोस विश्वविद्यालय में गणितीय मॉडलिंग और सिमुलेशन पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन गणित विभाग द्वारा हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद् के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और अन्य गणमान्य लोगों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन सत्र में आइआइटी रुड़की के प्रो. संदीप बनर्जी मुख्य वक्ता रहे। गणित विभाग की अध्यक्ष डॉ. नीतू गुप्ता भी उपस्थित थीं। कार्यशाला में विश्वविद्यालय और अन्य शैक्षणिक संस्थानों से 100 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

कुलपति ने अकादमिक विषय के रूप में गणित के महत्व पर बल दिया और विद्यार्थियों को गणित के व्यापक दायरे के बारे में बताया। इससे पहले डॉ. नीतू गुप्ता ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यशाला के उद्देश्य और विभागीय गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 30.01.2020

## HINDUSTAN

# नागरिकता कानून के अहम तथ्य साझा किए

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में बुधवार को विवेकानंद मंच और भारतीय शिक्षा मंडल की ओर से ह्यनागरिकता संशोधन अधिनियम : भ्रांतियां एवं तथ्यह्न विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य वक्ता विषय विशेषज्ञ कृष्ण सिंघल ने अधिनियम के महत्वपूर्ण तथ्य साझा किए। उन्होंने बताया कि नए कानून से किसी भी समुदाय को कोई खतरा नहीं है और न ही यह किसी भारतीय नागरिक की नागरिकता को रद्द करने के बारे में है। उन्होंने कहा कि नागरिकता कानून में बदलाव का उद्देश्य पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को न्याय दिलाना है, जिन्हें धार्मिक आधार पर लगातार उत्पीड़न का शिकार होकर भारत में शरण लेनी पड़ी है। कार्यशाला विश्वविद्यालय के युवा कल्याण निदेशक मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 30.01.2020**

**HINDUSTAN**

# मॉडल प्रदर्शनी में श्रेय अरोड़ा व प्रवीण जीते

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में गणित विभाग और हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद् के सहयोग चल रहे गणितीय मॉडलिंग और सिमुलेशन पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समापन हुआ। इस कार्यशाला में सौ भी ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यशाला के दूसरे दिन पोस्टर तथा मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने गणित पर आधारित पोस्टर तथा मॉडल प्रदर्शित किए। पोस्टर प्रस्तुति में वाईएमसीए से ज्योति गर्ग, विशाल गुप्ता, अमन शंकर झा और दीपाली की टीम विजेता रही।

**NEWS CLIPPING: 30.01.2020**

## THE PIONEER

### नागरिकता संशोधन कानून पर व्याख्यान का आयोजन

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विवेकानंद मंच द्वारा भारतीय शिक्षा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में 'नागरिकता संशोधन अधिनियम: भ्रांतियां एवं तथ्य' विषय पर विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ. प्रदीप डिमरी की देखरेख में एक परिचर्चा का आयोजन किया। नागरिकता कानून के जानकार श्रीकृष्ण सिंघल ने विद्यार्थियों को नागरिकता संशोधन अधिनियम के बारे में जागरूक किया और इस संबंध में उनकी भ्रांतियों को दूर किया। इस संदर्भ सिंघल ने अमेरिका तथा अन्य यूरोपियन देशों के नागरिकता कानूनों का उदाहरण नागरिकता संशोधन कानून की आवश्यकता पर बल दिया। व्याख्यान में काफी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया तथा विषय पर चर्चा करते हुए अपनी शंकाओं का निवारण किया। व्याख्यान सत्र की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने की।

**NEWS CLIPPING: 30.01.2020**

## DAINIK BHASKAR

**कदमों में जीत** • गणितीय मॉडलिंग और सिमुलेशन' पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई

# जेसी बोस विश्वविद्यालय की टीम ने पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में हासिल की जीत, प्रमाण पत्र मिला

### इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक छात्रों ने अपने मॉडल प्रस्तुति किए थे

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गणित विभाग की ओर से हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग 'गणितीय मॉडलिंग और सिमुलेशन' पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला बुधवार को संपन्न हो गई। इसमें 100 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के दूसरे दिन पोस्टर तथा मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों तथा प्रतिभागियों ने गणित पर आधारित पोस्टर तथा मॉडल प्रदर्शित किए। कार्यशाला के समापन समारोह में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. कार्मेशु मुख्य अतिथि थे। गणित विभाग की अध्यक्ष डॉ. नीतू गुप्ता की उपस्थिति में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रदर्शनी में चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।



फरीदाबाद। पोस्टर व मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रो. कार्मेशु।

### इन चार स्टूडेंट्स की ओर से तैयार किया गया था पोस्टर

पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में जेसी बोस विश्वविद्यालय की ज्योति गर्ग, विशाल गुप्ता, अमन शंकर झा तथा दिपाली की टीम विजेता रही। मानव रचना विश्वविद्यालय की गीतिका ने दूसरा तथा जेसी बोस विश्वविद्यालय की शिवानी गर्ग व प्रगति ने तीसरा पुरस्कार जीता। मॉडल प्रदर्शनी में जेसी बोस विश्वविद्यालय के श्रेय अरोड़ा व प्रवीण कुमार ने पहला तथा अमन शंकर झा एवं दिपाली ने दूसरा तथा अग्रवाल कालेज की प्राची शर्मा व मानसी तोंगड़ ने तीसरा पुरस्कार जीता।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 30.01.2020**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस में नागरिकता संशोधन कानून के बारे में समझाया

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय में विवेकानंद मंच ने भारतीय शिक्षा मंडल के संयुक्त से तत्वावधान में 'नागरिकता संशोधन अधिनियम- भ्रांतियां एवं तथ्य' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के युवा कल्याण निदेशक डॉ. प्रदीप डिमरी की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## कानून से जुड़ी भ्रांतियों पर किया जागरूक, तथ्यों की जानकारी दी

नागरिकता कानून से संबंधित विषय के जानकार श्रीकृष्ण सिंघल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। डॉ प्रदीप ने बताया कि विद्यार्थियों को जागरूक करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा। व्याख्यान सत्र की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने की। इस मौके पर डीन ऑफ मैनेजमेंट डॉ. अरविंद गुप्ता और मैनेजमेंट स्टडीज विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष निगम भी मौजूद रहे। व्याख्यान के दौरान सिंघल ने बताया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम से किसी भी समुदाय को कोई खतरा नहीं है। न ही यह किसी भारतीय नागरिक की नागरिकता को रद्द करने के बारे में है। संशोधित कानून 2014 तक या उससे पहले भारत में प्रवेश पाने वाले हिंदू, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध और पारसी शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान करता है। बदलाव का उद्देश्य तीनों पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को न्याय दिलाना है। *ब्यूरो*